# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–26 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड रहा है। उन्होंने कहा कि आज मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के राष्ट्रीय लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण दिन है। वे गुजरात में टीडीएस लिथियम आयन बैटरी संयंत्र में हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के उत्पादन का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अवसर, भारत और जापान के बीच की मित्रता को नया आयाम देगा।

***आज से भारत में बने इक्ट्रिक व्हीकल्स सौ देशों को एक्सपोर्ट किए जाएंगे। साथ ही आज हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड मैन्युफैक्चरिंग भी स्टार्ट हो रही है।***

एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन पर्यावरण अनुकूल परिवहन के क्षेत्र में एक केन्द्र के रूप में उभरने और आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के प्रयासों का विशेष दिन है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रम एवं सेवा योजन विभाग की तरफ से आयोजित रोजगार महाकुंभ दो हजार पचीस का आज लखनऊ में उद्घाटन किया। उन्होंने नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग के पोर्टल श्रम न्याय सेतु और ओद्योगिक न्यायाधिकरण की वेबसाइट तथा ई–कोर्ट पोर्टल भी लॉन्च किया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के अंदर काम करने वाले युवाओं को न्यूनतम वेतन की गारंटी देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी कर्मचारी का शोषण नहीं होगा। हर नौजवान के लिए रोजगार की गारंटी होगी।

***उत्तर प्रदेश के अंदर स्वयं भी हम लोगों ने अपना स्वयं एक कार्पोरेशन हम गठित कर रहे हैं। युवाओं के लिए। कोई भी युवा जो यूपी के अंदर कार्य करेगा उसको न्यूनतम मजदूरी देने की गारंटी, न्यूनतम वेतन देने वाला राज्य बनेगा उत्तर प्रदेश।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार महाकुंभ में न सिर्फ नौकरियां मिलेंगी, बल्कि नई टेक्नोलॉजी की मांग के अनुरूप ट्रेनिंग और कोर्स भी तय होंगे।

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज से शुरू हुआ रोजगार महाकुंभ अट्ठाइस अगस्त तक चलेगा। इसमें ऑन स्पॉट इंटरव्यू और प्लेसमेंट ड्राइव के जरिये 50 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी का अवसर मिलने की संभावना है।

**********

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने 21 मेधावियों को 45 स्वर्ण पदक प्रदान किए। दीक्षांत समारोह में 1473 छात्र–छात्राओं को डिग्री और उपाधि दी गई।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी को गांव, किसान और युवाओं तक पहुंचाना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा एक से दो गांवों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई लैब बनाने का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वह देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद और पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक व पुरातन छात्र युगेश दीक्षित सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए।

**********

वित्त मंत्रालय ने नई शुरू की गई एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस में एकमुश्त एकतरफा शामिल होने की सुविधा शुरू की है। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार यह सुविधा यूपीएस धारकों को अपनी सेवा निवृत्ति के एक वर्ष पहले या स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के तीन महीने पहले उपलब्ध होगी। एक रिपोर्ट–

***सेवा से निष्कासन या अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले कर्मचारी इस सुविधा के पात्र नहीं होंगे। एक बार एनपीएस का विकल्प चुन लेने पर कर्मचारी सुनिश्चित भुगतान सहित यूपीएस के लाभों के हकदार नहीं होंगे। यूपीएस से निकलते समय सरकार का चार प्रतिशत अंतर अंशदान कर्मचारी के एनपीएस कोष में जोड दिया जायेगा। इस कदम का उद्देश्य पेंशन लाभों को सुव्यवस्थित करना और लचीलापन प्रदान करना है। समाचार कक्ष से मैं हिमांशु कांडपाल।***

**********

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज हरितालिका तीज मनाई जा रही है। इस अवसर पर महिलाएं अपने पति के दीर्घायु की कामना करते हुए निर्जला उपवास पर हैं। व्रती महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर रही हैं। हरितालिका तीज पर अयोध्या के पवित्र सरयू नदी में आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा पाठ किया। श्रावस्ती जिले में कजरी तीज के तौर पर प्रसिद्ध इस त्योहार पर पांडवकालीन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। वहां पर कई जिलों से पहुंचे कावड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक भी किया।

**********